**Criterion 2.15**

**Annual Prize Distribution Function Organized**

**Yes**

Annual Function 2024-25

## An Ode to Brilliance



On 15 March 2025, the Annual Function for the session 2024-25 was celebrated with grandeur. The event was graced by the honorable chief guest, Sanjay Awasthi, MLA of Arki, who introduced two significant scholarships-the Bagal Scholarship and the Comtenian Scholarship to reward meritorious students from two academic sessions. Principal Dr. Ruchi Ramesh presented an inspiring Annual Report, highlighting the college's remarkable achievements. The ceremony also marked the launch of the book "हिन्दी साहित्य में पर्यावरण विमर्श" and concluded with captivating cultural performances by the students, making it a memorable occasion.


GOVT. DEGREE
DARLAGHAT,



# दाड़लाघाट कॉलेज में होनहार विद्यार्थियों को मिला सम्मान

## वार्षिक समारोह में विधायक संजय अवस्थी ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

संवाद न्यूज एजेंसी

दाड़लाघाट (सोलन)। डिग्री कॉलेज दाड़लाघाट में वार्षिक पारितोषिक उत्सव मनाया गया। इस मौके पर अर्की विधायक संजय अवस्थी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जबकि कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रभारी प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने छात्रों महाविद्यालय में चल रही कुछ मांगों को मुख्यातिथि के समक्ष रखा।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि शिक्षित समाज संतुलित विकास का आधार है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि जीवन में सफल होकर अपने समाज, प्रदेश और देश के विकास में योगदान देने के लिए अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

उन्होंने आग्रह किया कि युवा शिक्षा के माध्यम से आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्य एवं संस्कार भी प्राप्त करें।




दाड़लाघाट कॉलेज में वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देते विद्यार्थी । संवाद

### कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा समां

इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रेट्रो नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में लोगों की वाहवाही लूटी। इस दौरान कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, दूसरे व तीसरे स्थान में मुस्कान, कोमल, निशा, भावना शर्मा, नीरज शर्मा, नीलम, चंदन, अंकिता, आंचल, हर्षा, कविता, तारा, ज्योति प्रीति, रचना, दीपिका, हितैषी, करण, हिमानी, करण, काजल समेत अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

दैनिक भास्कर हिमाचल 16-03-2025

# संजय अवस्थी ने मेधावी बच्चे किए सम्म्मानित

अर्की | दाड़लाघाट कॉलेज ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को मनाया। कार्यक्रम में अर्की विधायक संजय अवस्थी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने कॉलेज प्रशासन व छात्रों को वार्षिक उत्सव की बधाई दी और शिक्षा के महत्त्व व महाविद्यालय में चल रही कुछ मांगों को मुख्यातिथि के समक्ष रखा। मुख्य अतिथि ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के नए भवन का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इस दौरान कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, दूसरे व तीसरे स्थान में



मुस्कान, कोमल, निशा, भावना शर्मा, नीरज शर्मा, नीलम, चंदन, अंकिता, आंचल, हर्षा, कविता, तारा, ज्योति प्रीति, रचना, दीपिका, हितैषी, करण, हिमानी, करण, काजल व अन्य छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पीटीए अध्यक्ष हरदेव, पूर्व उपप्रधान दाड़ला राजेश गुप्ता, डॉ. मस्त राम शर्मा, वेद प्रकाश शुक्ला,जगदीश ठाकुर, मोहन ठाकुर, लाला शंकर दास अरोड़ा, प्रेम केशव, मनोज गौतम, राजेंद्र पंवर, जय सिंह ठाकुर, तिलक राज गौतम, बनिता चौहान, राकेश चौहान, रोशन ठाकुर, तनुज शर्मा, प्रीतम, अरुण शुक्ला, कमलकांत चंदेल, नरेंद्र हांडा, कमलेश गौतम, उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंदर पाल, डीएसपी दाड़ला संदीप शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।


GOVT. DEGREE COLLEGE, DARLAGHAT, SOLAN, H.P.


DISTT. SOLAN. H.P
DARLAGHAT
DARLAGHAT, SOLAN H.P

नालागढ़ : रत्योड़ गांव में नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ट्यूबवैल का कार्य शुरू करवाते हुए। (स्वलिन) अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दाड़लाघाट कॉलेज में होनहार विद्यार्थी किए सम्मानित

## वार्षिक समारोह आयोजित

अर्की, 15 मार्च (सुरेंद्र): डिग्री कॉलेज दाड़लाघाट में शनिवार को वार्षिक समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक संजय अवस्थी मुख्यातिथि रहे। कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रभारी प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। प्राचार्य ने महाविद्यालय की मांगों को मुख्यातिथि के समक्ष रखा। मुख्यातिथि ने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा ही युवाओं को भविष्य का बेहतर नागरिक बनाती है।

युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि कॉलेज के नए भवन का कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा।

प्राचार्या ने कालेज में संगीत तथा शारीरिक विषय प्रारंभ करने हेतु मांग रखी, जिसे मुख्यातिथि द्वारा पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रेट्रो नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में लोगों की वाहवाही लूटी।

इस दौरान मुस्कान, कोमल, निशा, भावना शर्मा, नीरज शर्मा, नीलम, चंदन, अंकिता, आंचल, हर्षा, कविता, तारा, ज्योति प्रीति, रचना, दीपिका, हितैषी, करण, हिमानी, करण व काजल और अन्य बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



अर्की : दाड़लाघाट कॉलेज में आयोजित समारोह में प्रस्तुति देती छात्राएं। (सुरेंद्र)

इस मौके पर पी.टी.ए. अध्यक्ष हरदेव, राजेश गुप्ता, डॉ. मस्त राम शर्मा, वेद प्रकाश शुक्ला, जगदीश ठाकुर, मोहन ठाकुर, लाला शंकर दास अरोड़ा, प्रेम केशव, मनोज गौतम, राजेंद्र पंवर, जय सिंह ठाकुर, तिलक राज गौतम, वनिता चौहान, राकेश चौहान, रोशन ठाकुर, तनुज शर्मा, प्रीतम, अरुण शुक्ला, कमल कांत चंदेल, नरेंद्र हांडा, कमलेश गौतम, उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंदर पाल और डी.एस.पी. संदीप शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।


# नशे से दूर रहें युवा : संजय

## अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें

- कालेज में संगीत व शारीरिक शिक्षा विषय शुरू करने का आश्वासन
- दाड़लाघाट महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक उत्सव मनाया।

**संवाद सहयोगी, जागरण • दाड़लाघाट :** उपमंडल दाड़लाघाट स्थित राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक उत्सव मनाया गया। मुख्यातिथि अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षित समाज संतुलित विकास का आधार है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि समाज, प्रदेश और देश के विकास में योगदान देने के लिए अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। प्रदेश में नशे का प्रचलन अधिक दिखाई देना चिंता का विषय है। इसलिए युवा नशे से दूर रहें।

उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के नए भवन का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। प्राचार्य डा. रुचि रमेश ने कालेज में संगीत व शारीरिक शिक्षा विषय शुरू करने की मांग की जिसे मुख्य अतिथि ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों ने रेट्रो नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि ने पारितोषिक वितरण समारोह में पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने पर मुस्कान, कोमल,



विधायक संजय अवस्थी मेधावी छात्रा को सम्मानित करते हुए • जागरण

निशा, भावना शर्मा, नीरज शर्मा, नीलम, चंदन, अंकिता, आंचल, हर्षा, कविता, तारा, ज्योति प्रीति, रचना, दीपिका, हितैषी, करण, हिमानी, करण, काजल आदि को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पीटीए अध्यक्ष हरदेव, पूर्व उपप्रधान दाड़ला राजेश गुप्ता, डा. मस्त राम शर्मा, वेद प्रकाश शुक्ला, जगदीश ठाकुर, मोहन ठाकुर, लाला शंकर दास अरोड़ा, प्रेम केशव, मनोज गौतम, राजेंद्र पंवर, जय सिंह ठाकुर, तिलक राज गौतम, वनिता चौहान, राकेश चौहान, रोशन ठाकुर, तनुज शर्मा, प्रीतम, अरुण शुक्ला, कमल कांत चंदेल, नरेंद्र हांडा, कमलेश गौतम, अर्की के उपमंडल अधिकारी यादविंदर पाल व डीएसपी दाड़ला संदीप शर्मा मौजूद रहे।